# सीएम हेमंत सोरेन के कारण मणिपुर से वापस लौटे झारखंड के 21 छात्र

## संजय मेहता ने की थी पहल, सरकार को पत्र लिख कराया था अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मणिपुर में हुई हिंसा के बीच झारखंड के 21 छात्र वापस लौट चुके हैं। यह सब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कारण संभव हो पाया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता संजय मेहता की पहल ने छात्रों की वापसी को संभव बनाया। उनके वापसी की कहानी काफी रोचक है।

दरअसल, मणिपुर में 3 मई से हिंसा के कारण हालात चिंताजनक हो गये। वहां अलग-अलग कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़नेवाले छात्र परेशान हो गये। सभी घर आना चाहते थे, लेकिन कर्फ्यू के कारण उनका बाहर निकलना मुश्किल था। आंखों के सामने ब्लास्ट, आगजनी को देख और सुन कर छात्र भयभीत थे। खाने-पीने की समस्या थी। इसी दौरान 6 मई 2023 को गढ़वा जिला निवासी एनआइटी मणिपुर की छात्रा प्रियांशु पायल ने बरही के सामाजिक कार्यकर्ता संजय मेहता से संपर्क किया।

प्रियांशु ने सूचना दी कि यहां उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, झारखंड, बिहार के छात्र फंसे हैं। उसने मणिपुर का अपना पता बताया। झारखंड के छात्रों की घर वापसी में मदद का आग्रह किया।

**संजय मेहता ने पहले उड़ीसा के सीएस से किया संपर्क:** चूंकि छात्रा ने बताया कि उड़ीसा सरकार बच्चों को फ्लाइट से ला रही है, इसलिए संजय मेहता ने सबसे पहले उड़ीसा के मुख्य सचवि प्रदीप कुमार जेना से संपर्क किया। उनसे उड़ीसा के साथ झारखंड के छात्रों को भी मंगवाने का आग्रह किया। मुख्य सचिव ने झारखंड के बच्चों को लाने में असमर्थता जतायी।

**गढ़वा उपायुक्त को दी गयी सूचना:** संजय मेहता ने गढ़वा के बच्चों के बारे में सूचना उपायुक्त शेखर जमुआर को दी। इस पर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लिया। इसके बाद राज्य मुख्यालय ने संजय मेहता से संपर्क साधा। राज्य मुख्यालय की रजनी तापे ने सूचनाओं को सत्यापित किया। श्रम विभाग के राजेश प्रसाद ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए सूचनाओं को सत्यापित किया। छात्रा प्रियांशु ने फंसे हुए छात्रों की सूची उपलब्ध करवायी। एनआइटी मणिपुर के डीन आशीष रंजन ने भी इसकी पुष्टि की। सरकार की हेल्पलाइन पर भी कुछ सूचनाएं प्राप्त हुईं।

**वंदना डाडेल, अमिताभ कौशल की भूमिका रही सराहनीय:** संजय मेहता ने गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल और सचिव अमिताभ कौशल को इसकी सूचना पत्र लिख कर दी। अमिताभ कौशल ने इन सूचनाओं पर त्वरित संज्ञान लिया और कार्रवाई प्रारंभ की। इस बीच सरकार को उपलब्ध करायी गयी सूची में कुछ लोगों ने निजी कारणों से आने से मना किया। सभी सूचनाओं को सत्यापित करने के बाद अंततः झारखंड के 34 छात्रों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। उसमें 21 छात्रों का टिकट बुक किया गया। इसके बाद 6 मई के इंडिगो की विमान से इंफाल से छात्रों को लाया गया, जिसमें बिहार के 142 और झारखंड के 21 छात्र शामिल थे।

**दो राज्यों के समन्वय से मिली सफलता:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को मणिपुर के मुख्य सचिव से संपर्क स्थापित कर बिहार के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए कहा था। इस बीच झारखंड के मुख्यमंत्री ने बिहार सरकार से समन्वय स्थापित कर पटना आ रही फ्लाइट में झारखंड के छात्रों की वापसी सुनिश्चित करवायी। झारखंड के छात्रों को पटना से बस के माध्यम से रांची लाया गया। जिन छात्रों का घर दूर दूसरे जिले में था, उनके मोहराबादी स्थित गेस्ट हाउस में ठहरने की व्यवस्था की गयी। इसके बाद दूसरे दिन वे अपने-अपने घर सकुशल पहुंचे।

**मुख्यमंत्री का जताया अभार:** वापस लौटे छात्र नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, मणिपुर, आइआइटी मणिपुर, एनआइटी इंफाल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के हैं। इस रेस्क्यू अभियान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गंभीरता और त्वरित कार्रवाई ने रेस्क्यू अभियान को सरलतापूर्वक संपन्न किया। संजय मेहता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया और कहा कि सरकार ने इस मसले में अपना रुख काफी सकारात्मक रखा। सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई हुई, यह स्वागतयोग्य है।

### पद्मश्री एचसी वर्मा का डीएसपीएमयू में व्याख्यान का दूसरा दिन

# विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का स्रोत सिर्फ पुस्तकें नहीं बल्कि सामाजिक परिवेश भी है : प्रो. वर्मा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और कांसेप्ट ऑफ फिजिक्स के लेखक और प्रसिद्ध शोधकर्ता डॉ हरिशचंद्र वर्मा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के सभागार में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यानमाला के तहत दूसरे दिन अपना व्याख्यान दिया। विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी और भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित इस दूसरे दिन के व्याख्यान में प्रो वर्मा ने काफी रोचक तरीके से पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। अपने उदबोधन की शुरूआत करते हुए उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन के दैनिक समय सारिणी में हम नित्य प्रतिदिन विज्ञान के प्रयोगों से रूबरू होते हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को न्यूटन के नियमों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें अपने अंदर की वैज्ञानिकता को निखारने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होनें कहा कि जीवन एक समीकरण के समान है जो हमारे लिए मापदंड निर्धारित करता है। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ्य रहने की बात पर बल देते हुए कहा कि उन्हें ज्ञान की प्राप्ति के लिए समझ, चिंतन और उसके विस्तार पर केंद्रित होने की आवश्यकता है।

वहीं कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस दो दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए इसे अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह था कि कैसे इस प्रदेश के विद्यार्थियों को इस लब्ध प्रतिष्ठित, पद्मश्री प्राप्त विद्वान की अकादमिक श्रेष्ठता से लाभान्वित करें और यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस सम्पूर्ण प्रयास में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय पूर्ण रूपेण सफल रहा है। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ अनुपम कुमार, डॉ अर्पणा सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के शिक्षक, रांची विश्वविद्यालय के शिक्षक , पॉलिटेक्निक, निर्मला कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और शारदा ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# एनआइए रूपेश से कर रही है पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खूंखार नक्सली प्रशांत बोस उर्फ किशन दस्ते के सक्रिय सदस्य रूपेश कुमार से एनआइए पूछताछ कर रही है। पटना की एनआइए ब्रांच ने नक्सली रूपेश कुमार को पांच दिनों की रिमांड पर लिया है। बता दें कि 17 जुलाई 2022 को सरायकेला-खरसावां पुलिस ने रामगढ़-हजारीबाग सीमा क्षेत्र के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंझार स्थित एक मकान में छापेमारी की थी और रूपेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था। इस दौरान पुलिस ने नक्सली दस्तावेज, गया जेल में बंद फांसी की सजा से मुक्त हुए हार्ड कोर माओवादी नैनेलाल मोची की नक्सली कविता की कॉपी, दो लैपटॉप, एक आइफोन, दो मोबाइल और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये थे। सरायकेला ले जाने के दौरान रूपेश कुमार समेत उसके स्वजनों ने इंकलाब जिंदाबाद, फैक्टचेकर मो जुबेर को रिहा करो, पत्रकारों पर दमनामत्क कार्रवाई बंद करो समेत पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी की थी।

### रूपेश कुमार पर क्या है आरोप

गिरफ्तार रूपेश कुमार सिंह पर बिहार-झारखंड के कई जिलों में नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ पहुंचाने का आरोप है। तीन वर्ष पहले शेरघाटी, गया में पुलिस ने रामगढ़ से विस्फोटक पदार्थ ले जाने के दौरान रूपेश कुमार सिंह समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि छह माह बाद जेल से छूट कर आने के बाद वह फिर से नक्सली गतिविधियों में शामिल हो गया था। रूपेश कुमार सिंह खुद को स्वतंत्र पत्रकार का परिचय देकर रामगढ़ में पूरे परिवार के साथ रह रहा था। कांड्रा थाना कांड संख्या-67/21 के तहत रूपेश कुमार सिंह पर नक्सली गतिविधि के मामले में प्राथमिकी दर्ज है।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके में समर कोड कैंम 20 से




**रांची (आजाद सिपाही)।** कौशल विकास में बच्चों को तकनीकी शिक्षा की भूमिका एवं नई शिक्षा नीति के निहितार्थ फ्लोक्स एजूकेशन प्राइवेट लिमिटेड ने प्रेस क्लब में एक कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों को इस विषय पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था। इसमें नीता पांडेय, प्रधानाध्यापक, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, मीनाक्षी कुमार, चीफ प्रोजेक्ट ऑफिसर, अखिल भारतीय आइआइटी ऐल्यूमिनाई रीच फॉर इंडिया फाउंडेशन, राजेश कुमार चौधरी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर शामिल थे। इस कार्यक्रम में फ्लॉक्सस के को-फाउंडर ऋतिक सुभम, अशोक प्रियदर्शि, शुभम जयसवाल, आशीष, संजीत पाठक सहित अन्य सहयोगी किरण कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर आर्यन जयसवाल, विशेष सलाहकार प्रतीक मोदी तथा फ्लॉक्सस के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। वक्ताओं ने इस पर बल दिया कि आने वाले समय में बच्चों के अंदर तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होगी। इसका मूल कारण है विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में हो रहे निरंतर परिवर्तन कोविड-19 ने इसकी गति तेज कर दी है। 21वीं सदी के कौशल के विकास के लिए कक्षा 6 से ही कोडिंग जैसे विषयों की पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी में भी तकनीकी शिक्षा पर बल दिया गया है। इस संदर्भ में सभी ने फलॉक्स द्वारा आयोजित किए जा रहे समर कोड कैम्प की सराहना की और उस में सहयोग का भी आश्वासन दिया। कोडकैंप को बीआईटी मिश्रा रांची का भी सहयोग मिला है, जो बच्चों को तकनीकी स्तर पर बेहतर बनाना चाहते हैं, और भविष्य के लिए तैयार करना चाहते है। समर कोड कैम्प 20 मई से कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में कक्षा 6 से 12 के बच्चों के लिए फ्लॉक्सस के द्वारा आयोजित किया जा रहा। फ्लॉक्सस के को-फाउंडर उत्कर्ष मिश्रा ने बताया की झारखंड में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। जिससे विशेषकर कक्षा 6 से 12 के बच्चों को काफी लाभ मिलेगा और यह झारखंड को आइटी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

### एकलव्य मॉडल आदिवासी विद्यालय, सालगाडीह का निरीक्षण किया

# शिक्षक और विद्यालय समाज की रीढ़ शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षक और विद्यालय ही सच्चे अर्थो में समाज की रीढ़ हैं। साथ ही किसी भी दृष्टिकोण से शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण है। श्री तिर्की ने कहा कि किसी भी विद्यालय में सतर्कता और जागरूकता के साथ पढ़ाई और प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय के मामले में यह जवाबदेही और भी बढ़ जाती है।

तमाड़ प्रखंड के सालगाडीह में एकलव्य मॉडल आदिवासी विद्यालय का औचक निरीक्षण करने के दौरान श्री तिर्की ने आवासीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों से बातचीत के दौरान श्री तिर्की वास्ताविक स्थितियों से अवगत हुए और विद्यालय के समक्ष उपस्थित समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी ली।

# त्रिभाषा शब्दकोश फिजिक्स की शब्दावली रूपांतरण के लिए बैठक शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा 11 मई से 15 मई तक त्रिभाषा शब्दकोश फिजिक्स (अंग्रेजी - हिंदी - संथाली) की शब्दावली रूपांतरण हेतु पांच दिवसीय बैठक की विधिवत शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार शब्दावली आयोग के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ ब्रजेश कुमार सिंह आदि द्वारा सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग ब्लॉक के सेमिनार हॉल में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्षेत्रीय व स्थानीय भाषाओं में शब्दावली निर्माण की दिशा आयोग के द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आठ भाषाओं में इंजीनियरिंग की शब्दावली बन चुकी है । उन्होंने पांच दिवसीय इस मीटिंग के आवश्यकता, उद्देश्यों आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अवश्य ही आधुनिक भारत के नव निर्माण की पहली ईंट साबित होगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अभी तक केवल और केवल अंग्रेजी हावी रहा, क्षेत्रीय एवम स्थानीय भाषाओं एवम उसके भाषियों के साथ उपेक्षा होते रहे। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने बैठक में शामिल हो रहे सभी प्रतिभागियों के अभिनंदन करते हुए अधिक से अधिक स्थानीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिए जाने की बात कही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने से क्षेत्रीय व स्थानीय भाषाओं में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान करने की योजना के तहत भाषायी रूपांतरण अति आवश्यक हो गया है। बैठक में नेशनल ट्रांसलेशन मिशन मैसूर, कर्नाटक के डॉक्टर मीनाक्षी जी मुर्मू, एसपी कॉलेज दुमका के सहायक प्राध्यापक डॉ धनंजय कुमार मिश्रा, डॉ नृपेन्द्र पाठक, सिद्धो कान्हो विश्वविद्यालय के संथाली विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ ठाकुर प्रसाद मुर्मू, डॉ शर्मिला सोरेन, डॉ विलियम हांसदा, डॉ संदीप कुमार, श्री हरीबाबू शुक्ला, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ नित्या गर्ग सहित कई शिक्षाविद शामिल रहे। बैठक में अतिथियों का परिचय एवं स्वागत अभिभाषण फिजिक्स की सहायक प्राध्यापिका डॉ नित्या गर्ग के द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता नर्सिंग के समन्वयक एवं प्रशासक आशुतोष द्विवेदी के द्वारा पूरी की गयी।

# पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए मिशन लाइफ अभियान की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (जेएसपीसीबी) और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा संयुक्त रूप से आज मिशन लाइफ पर जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। यह अभियान करीब एक महीने तक विभिन्न रचनात्मक क्रियाकलापों के जरिए पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के संपन्न होने तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य एक लाख लोगों को इस अभियान से जोड़ना, मिशन लाइफ के उद्देश्य के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना और इसके मूल्यों को दैनंदिन जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस अभियान के पहले दिन कई रचनात्मक गतिविधियों की कड़ी में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्रों द्वारा मिशन लाइफ के लोगो को मानव श्रृंखला के जरिये बेहद मनमोहक और आकर्षक तरीके से चित्रित कर इसके प्रति जनसमर्थन व्यक्त किया गया। इस अभियान के महत्व के बारे में बताते हुए शशिकर सामंता अध्यक्ष, झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने बताया कि 'मिशन लाइफ अभियान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके जरिये व्यक्तिगत और सामुदायिक व्यवहार को सकारात्मक ढंग से बदलने से पर्यावरण और जलवायु संकट को कम करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण के समाधानपरक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने में आम नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिक समाधानों के अनुरूप सामूहिक प्रयासों से हम पर्यावरण एवं समाज को बेहतर बना सकते हैं।' उन्होंने आगे बताया कि अभियान की शुरूआत में जेएसपीसीबी के सभी कर्मचारियों ने 10 मई को अपने परिवार, दोस्तों और लोगों को हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल आदतों के महत्व के बारे में लगातार प्रेरित करने का संकल्प लिया। यह अभियान रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में चल रहा है, जिसे प्रमुख नागरिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया, महिलाओं और युवा समूहों और आम नागरिकों द्वारा व्यापक रूप से समर्थन मिल रहा है।

## डीपीएस सीनियर विंग की छात्र परिषद चुनाव में हेड गर्ल-हेड ब्वॉय का चुनाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीपीएस सीनियर विंग में छात्र परिषद के गठन को लेकर 8 मई को चुनाव का आयोजन किया गया था। शिवांगी कुमार को हेड गर्ल और अब्दुल्लाह रहमानी को हेड ब्वॉय चुना गया है। ऐश्वर्या तलेजा को एडिशनल हेड गर्ल और उदित जैन को एडिशनल हेड ब्वॉय बनाया गया। श्रेयोशी गांगुली को डिप्टी हेड गर्ल और माधव द्रोलिया को डिप्टी हेड ब्वॉय के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा माधवी माहेश्वरी और रोहित राज को स्कूल एंबेसडर, अनिशा अरोरा और ज्ञान हर्षवर्धन को डिप्टी स्कूल एंबेसडर चुना गया है। वहीं जान्या और धीरज बियानी को क्लास प्रिफेक्ट्स चुना गया। स्तुति अन्वी और मो अदनान अंसारी को कल्चरल सेक्रेटरी, तनीषा अग्रवाल और स्वयं राज को डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी, प्रज्ञा मृदु और ऋषभ राज को स्पोर्ट्स कैप्टन, अदिति ठाकुर और अर्शदीप सिंह को एडिशनल स्पोर्ट्स कैप्टन और शुभांशी शेखर और तनिश राजघरिया को डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। विवेकानंद प्रेक्षागृह मेंआयोजित चुनाव का उद्देश्य छात्र परिषद की राय, विचारों और चिंताओं को आवाज देने, छात्रों में नेतृत्व की क्षमता विस्तृत करने, कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाने और संचार और कार्यान्वयन में स्कूल के विभिन्न विभागों की सहायता करना है। स्कूल के प्रीसिंपल डॉ राम सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की नियुक्ति का उद्देश्य छात्रों को स्कूल की गतिविधियों का आयोजन और संचालन करके नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## समाजसेवी स्व. राकेश महेंद्र बिल्लू बाबू की द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी

**रांची (आजाद सिपाही)।** विनेक्स क्लब हाऊसिंग कॉलोनी बारितयातू के संस्थापक समाजसेवी, लोगों के दुख दर्द में हमेशा साथ रहने वाले स्व. राकेश महेन्द्र उर्फ बिल्लू बाबू की द्वितीय पुण्यतिथि श्री सीता राम मंदिर, बरियातू हाऊसिंग कॉलोनी में मनायी गयी। इस अवसर पर उन्हें भावपूर्णा श्रद्धांजलि दी गयी। इस श्रद्धाजलि कार्यक्रम में रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कांके के विधायक समरी लाल, पार्षद पीति रंजन, जिला दुर्गा पूजा समिति के मुनचुन राय, महानगर दुर्गा पूजा समिति के प्रदीप राय बाबू, वीनेक्स क्लब के अध्यक्ष राजकिशोर ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजिल दिया। इस अवसर पर स्व. राकेश महेन्द्र के जीवनी एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों की चर्चा की गयी। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. राहुल प्रसाद एवं फिजिशियन डॉ आशुतोष कुमार द्वारा नेत्र एवं स्वास्थ्य की जांच की गयी।

## झारखंड की चंडीगढ़ पर धमाकेदार जीत

**रांची (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 4 से 14 मई तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड ने चंडीगढ़ को 11-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## पाक सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र को बुलंद करने वाला है : राजेंद्र प्रसाद

**रांची (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध करार दिए जाने और उन्हें तुरंत रिहा करने के फैसले सुनाए जाने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान सेना ने हमेशा पाकिस्तान में प्रजातंत्र को तार-तार करते रहा है। आज पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की गिरफ्तारी को असंवैधानिक करार देते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने प्रजातंत्र को पाकिस्तान में पहली बार सेना के खिलाफ जाकर बुलंद करने का काम किया है।

## आम सूचना

कोडरमा थाना कांड संख्या-55/18, दिनांक - 26.03.2018, धारा-467/468/471 भा.द.वि. के अप्राथमिकी अभियुक्त (1) ईद मोहम्मद उर्फ इदरिश मियां पिता स्व. लड्डू मियां, (2) सुभानी मियां, (3) अब्बास मियां, दोनों पिता स्व. अलीम मियां, तीनों सा. रघुनियाडीह, थाना जयनगर, जिला कोडरमा के विरूद्ध द.प्र.स. की धारा 82 के अंतर्गत माननीय न्यायालय से निर्गत इश्तेहार कातामिला दिनांक- 12.09.2020 को विधिवत् किया गया है, फिर भी उक्त तीनों अभियुक्त अभीतक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण नहीं किये हैं तथा फिरार चल रहे हैं।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अप्राथमिकी अभियुक्त (1) ईद मोहम्मद उर्फ इदरिश मियां पिता स्व. लड्डू मियां, (2) सुभानी मियां, (3) अब्बास मियां, दोनों पिता स्व. अलीम मियां, तीनों सा. रघुनियाडीह, थाना जयनगर, जिला कोडरमा कही मिलते। दिखते है तो इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नंबर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

थाना प्रभारी, कोडरमा
मो. न.- 9431706352
पु.अ.नि. सलीम लुगून (अनुसंधानकर्ता)
मो. न. -9905899668

# खूंटी के अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह निलंबित

## वित्तीय शक्ति के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि के बाद कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार सिंह को वित्तीय शक्ति के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार आदि के गंभीर आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है जिला पशुपालन पदाधिकारी खूंटी द्वारा डॉ जितेंद्र सिंह पर लगे आरोपों की पुष्टि की गई है और विभागीय कार्य में इनकी स्वेच्छाचारीता प्रतिवेदित की गई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी खूंटी द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से स्पष्ट होता है कि डॉक्टर सिंह द्वारा पशु चिकित्सकों एवं कर्मियों के वेतन भुगतान के संबंध में अपने वित्तीय शक्ति का दुरुपयोग किया गया है और वेतन भुगतान के लिए उनके द्वारा अवैध राशि की वसूली भी की जाती है। निलंबन की अवधि में डॉ जितेंद्र सिंह का मुख्यालय जिला पशुपालन कार्यालय दुमका होगा। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते के अलावा कोई वेतन या भत्ता नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही डॉक्टर सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय भी लिया गया है।

## खनन पदाधिकारी ने बताया, अवैध बालू भंडारण मामले में 18,720 टन बालू की हुई निलामी

# टास्क फोर्स ने अवैध खनन-परिवहन से वसूले 1.44 करोड़, 183 वाहन जब्त : नदीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध जिला टास्क फोर्स सक्रिय है। जिला टास्क फोर्स की ओर से इस अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 201 निरीक्षण किए गए हैं। इनमें 74 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जो दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में दूसरे स्थान पर है। इस



बालू का अवैध भंडारण।

दौरान 183 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही दंड स्वरूप 144.53 लाख रुपये की वसूली की गई है, जो दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में सबसे अधिक है और राज्य में दूसरे स्थान पर है। यह जानकारी जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि खूंटी जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई में पत्थर खनिज 8910.48 टन और बालू खनिज 40,220.20 टन जब्त किया गया है। अवैध बालू भंडारण मामले में 18,720 टन बालू की नीलामी की गई है, जिससे राज्य सरकार को 72.80 लाख रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि खूंटी में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 22 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरूद्ध 24 करोड़ नौ लाख 19 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। साथ ही पत्थर खनिज के समाहरण में वित्तीय वर्ष 2021-22 के समाहरण 393.86 लाख के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2022-23 में 964.04 लाख रुपये का समाहरण हुआ है, जो गत वित्तीय वर्ष से 144.76 फीसदी अधिक है।

# बुंडू की आठ छात्राएं हरियाणा के लिए रवाना नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में लेंगी हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बुंडू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं गुरुवार को हरियाणा के उना लिए रवाना हो गई। थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 12 से 14 मई तक हरियाणा के उना में 33वीं जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिसमें बुंडू कस्तूरबा विद्यालय की आठ छात्राएं कंचन कुमारी, निशा कुमारी, अंजना कुमारी, संतोषी कुमारी, वासु कुमारी, रीना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और राहिल नाग प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगीं। इन छात्राओं का चयन हाल ही में हुए प्रदेश के राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के दौरान हुआ था। इन छात्राओं के साथ विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सुनीता महतो भी गई हैं। वहीं, छात्राओं की सफलता पर बुंडू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रहमत अली, विद्यालय की वार्डन भूमिका कुमारी, शिक्षिका ज्योत्सना शांडिल एवं शिक्षिका चांदनी कुमारी ने खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# बचरा के विकास का हुआ झारखंड लोक सेवा आयोग में सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** बचरा निवासी विकास कुमार विश्वकर्मा (30) का झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। इससे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौपंकर सम्मानित किया। काफी गरीब परिवार से संबंध रखने वाले विकाश पिछले 13 वर्ष से कड़ी मेहनत और परिश्रम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनके पिता राम नरेश विश्वकर्मा एक छोटी सी दुकान चलाते है। उसके दो बड़े भाई हेमंत विश्वकर्मा और प्रदीप विश्वकर्मा भी कड़ी मेहनत कर विकाश को आगे बढ़ाने में सहयोग किये। इस संबंध में विकाश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा बचरा से शुरू करने के बाद वर्ष 2010-15 में हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविधालय से एलएलबी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इलाहाबाद विश्वविधालय से एलएलएम करने के बाद यूजीसी नीट की भी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। वर्ष 2018 में उन्होंने सिविल जज के लिए साक्षात्कार भी दिया, लेकिन कम उम्र और कागजी प्रक्रिया में कमी होने के कारण उनका चयन नहीं हो सका। इसके बाद करीब पांच साल के बाद उनका चयन सहायक अभियोजन अधिकारी के पद हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती गरीबी थी, लेकिन बचपन से शिक्षा के प्रति उनका लगाव मजबूत था और आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद उनके पिता और दोनों भाईयों ने मेहनत मजदूरी कर विकाश को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता नरेश विश्वकर्मा, मां विमला देवी, भाई हेमंत विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा और अपनी भाभी सहित अपने गुरुजनों को दिया है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी एवं उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। जिसके बाद प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। समारोह में गायत्री परिवार की ओर से प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं शिक्षक समर सेन को विशिष्ट अध्यापक सम्मान से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक ने कहा कि मनुष्य जन्मना असंस्कृत होता है, किंतु संस्कारों के माध्यम से वह सुसंस्कृत हो जाता है। संस्कार व्यक्ति के जीवन में आने वाली बाधाओं का भी निवारण करता हैं और प्रगति के मार्ग को निस कंटक बनाते हैं। वहीं शिक्षक समर सेन ने बच्चों से कहा कि संस्कार का मतलब शिष्टाचार, तहजीब, सभ्य संवाद, धार्मिक संस्कार से है। इनका उद्देश्य शरीर मन और मस्तिष्क की शुद्धि और उनको बलवान करना है। जिससे मनुष्य समाज में अपनी भूमिका आदर्श रूप में निभा सके। समारोह में पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में पंचम वर्ग के पीहू कुमारी गोप को प्रथम, निशांत कुमार ठाकुर को द्वितीय एवं अनुष्का कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। छह वर्ग में संजना गुप्ता को प्रथम, अंशु कुमारी एवं आदित्य कुमार चौहान को द्वितीय एवं कंचन कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सप्तम वर्ग में दृष्टि तिग्गा को प्रथम, नौशीन फिरदौस द्वितीय एवं प्रिया कुमारी तृतीय रही। अष्टम वर्ग में सतीश कुमार प्रथम, आराध्या सिंह द्वितीय एवं आंचल कुमारी तृतीय स्थान पर रही। नवम वर्ग के विष्णु कुमार तिवारी प्रथम, ईशा कुमारी द्वितीय एवं रिचा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस मौके पर मिथिलेश प्रजापति, मुकेश यदुवंशी, राजकुमार यादव, भरत रजक एवं उपासना कुमारी की ओर से सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# समाजसेवी बृजमोहन अग्रवाल का निधन, क्षेत्र में शोक व्याप्त



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बाजारटांड़ निवासी व्यवसायी सह समाजसेवी बृजमोहन अग्रवाल का बुधवार की निधन रात हो गया। एक सप्ताह पूर्व अपने घर में ही गिरने से 86 वर्षीय बृजमोहन के सिर में चोट लग गयी थी। रात में अचानक उनकी तबियत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। बृजमोहन अग्रवाल का परिवार खलारी के प्रमुख व्यवसायियों में रहा है। केडी बाजार में इस परिवार के अग्रवाल फैशन माल, शिवशक्ति इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रानिक्स आदि प्रतिष्ठान हैं। पूरा परिवार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेता रहा है। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार बनारस में किया गया। उनके निधन पर उनके स्वजनों व करीबियों में शोक की लहर है।

# अभिभावक समय निकाल कर बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में जरूर पूछें: प्राचार्य



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल में गुरुवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के अभिभावक-प्राचार्य शिक्षक मीट आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार, शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच बच्चों की पढ़ाई से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान प्राचार्य ने अभिभवकों से कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे एवं शाम के समय 10 मिनट का समय निकालकर अपने बच्चों से बातचीत अवश्य करें। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछें। यदि बच्चों को कोई विषय समझने में बाधा आ रही हो तो उसके बारे में संबंधित शिक्षक से अवश्य बात करें। ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों का टाइम टेबल बनवायें और उन्हें शिक्षकों से विषय से संबंधित अधिक से अधिक प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होने विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर अभिभावकों से ध्यान देने का आग्रह किया। कहा कि बच्चों को मोबाइल एवं बाइक बिल्कुल ना दें, क्योंकि ये उनकी पढ़ाई में बाधा डालते है।

# महत्वपूर्ण न्यूज

## ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के लिए गांवों में होगा संरचनाओं का निर्माण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न स्तरों पर स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत गांवों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार की संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। ग्राम स्तर पर चलने वाले इस अभियान में संबंधित विभागों के अलावा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं, पंचायती राज प्रतिनिधि, जलसहिया के साथ चर्चा-परिचर्चा, प्रखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमदान कर अपशिष्ट पदार्थों का संग्रण और पृथकीकरण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर निर्मित संरचनाओं एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रखंडों में आयोजित ग्रामसभा के दौरान कहा गया कि शौचालयों के उपयोग द्व अच्छी आदतों को अपनाना होगा। इस प्रयास से पर्यावरण और जल को सुरक्षित एवं संरक्षित रख सकेंगे। ग्रामसभा का आयोजन कर हर घर में जल से संबंधित सर्टिफिकेशन प्राप्त किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बनाकर उन्हें जागरूक करना, पेयजल एवं स्वच्छता के लिए निर्मित आधारभूत संरचनाओं को निरंतर क्रियाशील रखने एवं लोगों को व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित करना है। अभियान के विभिन्न गतिविधियों के क्रम में खासकर स्कूली बच्चों एवं व्यावसायिक स्थलों, सड़क किनारे लगने वाली दुकानों या प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक के थैले, थर्मोकॉल आदि के बारे में ड्राइव चलाकर विशेष रूप से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## लपरा कांग्रेस पंचायत समिति का गठन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड कांग्रेस की बैठक गुरुवार को लपरा पंचायत के विकाश नगर स्थित बिहारी ढाबा के सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी व संचालन गोपाल सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से लपरा पंचायत में कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजय मुंडा, उपाध्यक्ष राजन राम, सचिव बबलू कुमार सिन्हा, महासचिव मनोज उरांव, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से खलारी प्रखंड कमेटी से सुरेंद्र चौहान, बाबू खान, संजय राम, अजमूल अंसारी, आलोक कुमार, राजेश गंझू, विनय कुमार, राजेंद्र करमाली, आशीष यादव, सुमित कुमार दास, करमबीर कुमार, गणेश कुमार, चंचल उरांव, कृष्णा भगत, मंटू लोहरा, बुलंद लोहरा, विजय लोहरा, पवन सिंह, धनोखी घटवार, चरका लोहरा, भुनू लोहरा सहित अन्य नवनिर्वाचित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डकरा में जमसं की बैठक में हुई कई मुद्दों पर चर्चा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ (जमसं) के डकरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में संगठन के पुरनाडीह परियोजना शाखा कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जमसं के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डेन प्रसाद यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से इंसान गंझू को पुरनाडीह परियोजना शाखा कमेटी का अध्यक्ष एवं मोहम्मद शमीम अख्तर को संयुक्त सचिव पद के लिए जयनित किया गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डेन प्रसाद यादव सहित अन्य यूनियन के लोगों ने बधाई दी। बैठक का संचालन क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह ने किया। बैठक में टुपा महतो, रविंदर उरांव, विपिन कुमार साह, जलेसर उरांव, सर्वजीत उरांव, बबलू राम, केदार कुमार राणा, बिरला उरांव, महेश मुंडा, लंबोदर और किशन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कैंब्रियन स्कूल की छात्रा राजप्रिया का मॉडल राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित




**रांची (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड की छात्रा राजप्रिया कुमारी का मॉडल इंस्पायर अवॉर्ड्स मानक 21-22 के लिये दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है। राजप्रिया द्वारा तैयार किया गया यह मॉडल एक ऐसा कार्यशील उपकरण है जिसके द्वारा पशुओं को सुपाच्य भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ घर में बचे खुचे भोजन का भी सदुपयोग किया जा सकता है। इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी दृष्टिकोण को समाहित किया गया है। राजप्रिया द्वारा निर्मित यह मॉडल राज्य से चयनित चौदह मॉडल्स में से एक है, जो दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगा। प्राचार्या डॉ.नीता पांडेय ने इस सफलता के लिये राजप्रिया को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि वर्तमान युग तकनीकियों का युग है और इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी पहलुओं का समन्वय सराहनीय है। राजप्रिया को उसकी प्रस्तुति के लिये झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है।

## पिपरवार पहुंचे एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआइ सदस्य

# अच्छे दिन का सपना दिखाकर बुरे दिन दिखा रही है केंद्र सरकार: रमेंद्र कुमार





आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद और जेबीसीसीआइ सदस्य रमेंद्र कुमार गुरुवार को सीसीएल पिपरवार पहुंचे। उन्होंने बचरा ऑफिसर क्लब में आयोजित कोयला मजदूरों की आमसभा को भी संबोधित किया। पिपरवार पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद और संचालन अरविंद शर्मा ने किया। अपने संबोधन में रमेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि अच्छे दिनों का सपना दिखा कर केंद्र की भाजपा सरकार ने बुरे दिन ला दिए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार से देश की जनता परेशान है। मजदूर-किसानों का शोषण किया जा रहा है। कोयला मजदूरों के वेतन समझौते में केंद्र सरकार बाधा उत्पन्न कर रही है। केंद्र की भाजपा सरकार मजदूर और किसान विरोधी है जिसका जवाब 2024 के लोकसभा चुनाव में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द वेतन समझौता नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में कोयला उद्योग में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी कोयला मजदूरों से एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। साथ ही 11वां वेतन समझौते पर कई प्रकार की जानकारी दी। इसमें सीसीएल के पिपरवार, एनके, मगध और आम्रपाली से काफी संख्या में संगठित और असंगठित मजदूरों के अलावा यूनियन के लोग शामिल हुए। मौके पर मुंद्रीका प्रसाद, मो अब्दुल्लाह, विनोद बिहारी पासवान, प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान, मो रहमतुल्लाह, बाबूलाल राम, धनेश्वर गंझु, विमल महतो, रामजीत राम, सोमर गंझु, सेवक गंझु, अशोक राम, दिलीप महतो, क्यूम अंसारी, मनोज राम, आईडी मेहता, टिकेश्वर ठाकुर, जसमुदीन अंसारी, लखेश्वर लाल, देवेंद्रनाथ मल्लिक, हिमांशु चाटर, मो असदउल्लाह, विजय बेदिया और अनिमा कुजूर आदि उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि ने किया विरगांव में मनरेगा योजना के तहत बनाये जा रहे कूप निर्माण का औचक निरीक्षण



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने गुरुवार को विरगांव में मनरेगा योजना के तहत बनाए जा रहे कुप निर्माण कार्यस्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महीनों से मजदूरी और सामग्री भुगतान न होने से विरगांव निवासी दिवाकर महतो और केशव महतो का कुप निर्माण कार्य बंद पाया गया। सांसद प्रतिनिधि ने लाभुकों से संपर्क कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। दिवाकर महतो ने बताया कि अबतक वे 12-14 हजार रुपये खर्च कर चुका हैं पर भुगतान न होने से आगे का काम करवा पाने में असमर्थ है। इसी लिए काम बंद कर चुपचाप बैठ गए हैं। ऐसे भी मजदूरी भुगतान न होने से मजदूरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस बाबत सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने बीडीओ से संपर्क कर जानकारी ली पर कोई ठोस उपाय नहीं मिल पाया। जिससे सांसद प्रतिनिधि ने नाराजगी जाहिर की। विरगांव सहित जानुमपीड़ी के महेश्वर महतो आदि सहित दर्जनों लोग ऐसे हैं जो आर्थिक भुगतान के अभाव में कुप निर्माण काम बंद कर चुके हैं। यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो बरसात में सारे कुप धंस जाएगा और मनरेगा योजना के लाभ लेने से लोग वंचित रह जायेंगे।

## गांव का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता : शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को प्रखंड के मुड़ामु, हुलसी व मासू गांव का दौरा किया। जहां लोगों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को विधायक के पास रखा। वहीं विधायक ने गांव की जन समस्याओं से अवगत होकर कहा कि गांव का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए ग्रामीण समस्याएं बताएं। उन समस्याओं का हर हाल में समाधान किया जाएगा। सरकार गांव की हर बुनियादी जरूरत को ध्यान में रख कार्य कर रही है। सरकार आपकी हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही हैं। शिक्षा, सड़क, बिजली व पानी की समस्याओं को निदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है इसका लाभ महिलाएं जागरूक होकर योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे गांव में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं की सूची तैयार करें ताकि कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे।

इसके पूर्व गांव में विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोद्दसिर हक, मो शमशाद, फहीम आलम, मनकु कुजुर, सरोज लकड़ा, रवि उरांव, सुलेमान उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने इटकी में पक्की सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**इटकी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विकास की ओर एक और कदम बढ़ाया। इसके तहत उन्होंने कुर्गी से कुंल्ली भाया कुम्बा टोली होते हुए पक्की सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि यह काफी दिनों से कच्चा रास्ता है। बरसात के दिनों में इस पर चलना काफी दूभर हो जाता है। साढ़े तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क को पथ निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाएगा। मौके पर कुरगी मुखिया रमेश महली, रानी खटंगा मुखिया राजेन किस्पोट्टा, अबू माज, विष्णु महलीसहित काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## सिंचाई के लिए लगे बिजली लाइन के तारों की हुई चोरी, चोर बाइक छोड़ कर भागे

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना अंतर्गत बरगड़ी पंचायत के हुन्डार टोंगरी से अज्ञात चोरों द्वारा चार पोल के बिजली तार चोरी होने की खबर आ रही है। जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह 5 बजे तीन से चार अज्ञात चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे, तभी खेत में सिंचाई कर रहे किसान इसका विरोध कर चोर चोर कह चिल्लाने लगे। किसानों को चिल्लाते देख चोर काटे हुए तार को समेटकर फरार हो गए। बताया जाता है कि चोर एक ओमनी वैन और एक सीबीजेड बाइक से आये थे। अचानक किसानों को चिल्लाते देख सीबीजेड बाइक जेएच01एएन 0824 को छोड़ तार को ओमनी वैन में समेटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मांडर थाना को ग्रामीणों के द्वारा दे दी गयी है।

## अनगड़ा में महामारी से बचाव के लिए बकरियों का किया गया टीकाकरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बकरियों में फैलने वाली पीपीआर नामक महामारी से बचाव के लिए गुरुवार को प्रखंड के गेतलसूद एवं मेढ़ेटुंगरी गांव में टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 640 बकरियों का टीकाकरण किया गया। यह अभियान रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र मोराबादी के वैज्ञानिक डॉ भरत महतो के मार्गदर्शन में आर्या परियोजना के आइसीएआर कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान प्रखंड के विभिन्न गांवों में विगत चार वर्षों से चलाया जा रहा है। अब तक 19 हजार बकरियों में पीपीआर, चेचक तथा ईटी का टीका लगाया जा चुका है। मौके पर डॉ भरत महतो के द्वारा बकरी पालन से संबंधित विभिन्न समस्याओं का निराकरण एवं रोगों से बचाव के उपाय को लेकर किसानों को प्रशिक्षित किया गया। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ भरत महतो, प्रक्षेत्र सहायक कुलदीप कुमार महतो, समाजसेवी जगदीश महतो, रामजीत नायक, राजेन्द्र महतो, जितेन्द्र महतो, श्याम महतो, राजेश महतो, बीरेन महतो, जितेन्द्र कुमार महतो, विन्देश बेदिया आदि का योगदान रहा।

## लापुंग के बलारी नदी पुल के नीचे से एक महिला का शव बरामद



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** इतवारी मुंडाईन उर्फ रतनी मुंडाईन (55) पति सोहना मुंडा फतेहपुर मुंडा टोली का शव बलारी नदी पुल के नीचे से आज बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मृतका रतनी मुंडाईन गरई गांव बड़ा कुटमैट में शामिल होने गई थी। उसके बाद वह घर नहीं लौटी। राहगीरों व चरवाहों के द्वारा इसकी पहचान दो बजे दिन में हुआ। वह गरई गांव से देर रात घर के लिए निकली थी। पुल के नीचे गिरने से उसकी मौत हो गयी। उसके परिजनों ने उसकी पहचान की। लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेमरोम को इसकी जानकारी दी गयी। लापुंग पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया पोस्टमार्टम के लिए कल भेज जाएगा।

**जांच :** छात्रों से ईंट ढुलवाने के मामले की झारखंड राज्य बाल विकास संरक्षक आयोग टीम ने की जांच

# टीम ने पीड़ित छात्र की नाजुक स्थिति देख एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल में भर्ती कराया

**जांच टीम ने विद्यालय परिसर में जाकर मामले की जांच की और प्रधानाचार्य से भी की पूछताछ**

**6 मई को राज्य उत्क्रमित उवि में आठवीं कक्षा का छात्र साहिल अंसारी स्कूल परिसर में बेहोशी की हालत में पाया गया था**





आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के ऊरगुट्टू पंचायत स्थित राज्य उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्रों से विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना ज्योत्सना तिग्गा के द्वारा विद्यालय परिसर में ईंट ढोलवाने की खबर 6 मई को छपी थी। खबर छपने के बाद 'झारखंड राज्य बाल विकास संरक्षक आयोग' ने मामले को संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को आयोग की टीम ऊरगुट्टू पंचायत पहुंची।

मौके पर आयोग की अध्यक्ष काजल यादव और सदस्य सुनील कुमार ने विद्यालय परिसर में जाकर पूरे मामले की जांच की। विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रोसोइया संयोजिका और शिक्षक से घटना की जानकारी ली। इसके अलावे पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और पीड़ित छात्र के माता-पिता से भी जानकारियां ली। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजना ज्योत्सना तिग्गा को भी आयोग की टीम ने विद्यालय में बुलाकर उनसे भी पूछताछ की।

मौके पर आयोग की टीम ने पीड़ित छात्र साहिल अंसारी के घर में जाकर उसकी हालत को देखा। देखने के बाद पता चला कि साहिल अंसारी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। छात्र को तत्काल इलाज की जरूरत है। छात्र के अभिभावक बेहद गरीब परिवार से हैं। पैसे के अभाव की वजह से प्राइवेट अस्पताल में चल रहे इलाज से छुट्टी कराकर घर ले आए हैं। इस दौरान आयोग ने छात्र की नाजुक स्थिति को देखते हुए तत्काल जिला के वरीय पदाधिकारियों से बात कर एंबुलेंस बुला कर अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि आयोग की टीम ने मीडिया में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

प्रथम दृष्टया पता चला है कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं से प्रधानाचार्य मजदूरी का कार्य करवाती थी। प्रधानाचार्य मामले को दबाना चाहती थी, इसीलिए अपने सहयोगियों से मिलकर छात्र के अभिभावक को इलाज के लिए 25 हजार देकर मामले को दबाने का पूरा प्रयास कर रही थी।

ठाकुरगांव थाने में छात्र के अभिभावक के द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजना ज्योत्सना तिग्गा के खिलाफ लिखित शिकायत की गयी थी, जिसे अभिभावक पर दबाव बना कर शिकायत को वापस भी करवाने का काम किया है। आयोग की टीम पूरी जांच करने के बाद दोषियों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा करेगी।

जानकारी देते चलें कि 6 मई को कांके प्रखंड के ऊरगुट्टू पंचायत स्थित राज्य उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आठवीं कक्षा का छात्र साहिल अंसारी स्कूल परिसर में बेहोशी की हालत में पाया गया था। जिसे आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में पता चला कि विद्यालय में प्रधानाचार्य के द्वारा विद्यालय के टूटे बाथरूम के ईंट को छात्र द्वारा ढोलवाया जा रहा था। इसी दौरान हादसा में साहिल अंसारी गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया था।

## ग्रामप्रधान संघ जिलाध्यक्ष ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से की मुलाकात

**सौंदर्यीकरण के लिए बीसा पंचायत का सीमांकन कराने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** ग्राम प्रधान संघ के रांची जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने गुरुवार को रांची के वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा से मुलाकात की।

इस दौरान उमेश बड़ाईक ने अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत के सौंदर्यीकरण हेतु सीमांकन कराने की मांग की। कहा कि बीसा पंचायत का अधिकांश इलाका सघन वन क्षेत्र से आच्छादित है। पर्यटन के दृष्टिकोण से इस पूरे इलाके का सीमांकन कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसी पंचायत में पैना पहाड़ स्थित है जो काफी खुबसूरत और मनोरम स्थल है। यहां प्रत्येक वर्ष पर्यावरण मेला लगता है। दूर-दूर से लोग इस पैना पहाड़ की प्राकृतिक सौंदर्यता का लुत्फ उठाने आते हैं।

उन्होंने वन विभाग के माध्यम से पूरे बीसा पंचायत के सौंदर्यीकरण हेतु वन भूमि का सीमांकन कराने तथा अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उमेश बड़ाईक ने डीएफओ को एक मांगपत्र भी सौंपा। जिसमें गेतलसूद बानादाग एवं बीसा पंचायत में चबूतरा का निर्माण कराने, बीसा पंचायत के जगंली इलाकों में जीव-जंतुओं के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, परती भूमि में वनरोपण कराने, सोनुआ बेड़ा फॉल को विकसित करने आदि मांग शामिल है। मौके पर कृष्णा बड़ाईक सहित अन्य मौजूद थे।

## बेड़ो के बारीडीह में तीन जून को रात्रि के बजाय दिन में लगेगा पड़हा जतरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह गांव में ऐतिहासिक तीन जून को पड़हा जतरा लगाने को लेकर गुरुवार को गांव के अखरा में ग्रामीणों के साथ केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के पदाधिकारियों की बैठक की गयी। बैठक के दौरान विचार मंथन के बाद में ग्रामीणों ने आदिवासी परंपरा को बचाए रखने के लिए पड़हा जतरा का समर्थन किया। वहीं पिछले तीन दशक से लगते आ रहे पड़हा जतरा को ग्रामीण एवं केंद्रीय पड़हा संचालन समिति द्वारा पड़हा जतरा में बदलाव करते हुए जतरा को केवल दिन में लगाने का निर्णय लिया। वहीं रात्रि में लगने वाले जतरा को स्थगित कर दिया गया। दिन में लगने वाले पड़हा जतरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए पारंपरिक प्रतीक घोड़ा, हाथी रंपा चंपा एवं खोड़हा दल के साथ शामिल होने का आह्वान किया गया। इधर ग्रामीणों का कहना है की रात में जतरा लगाने से गांव में बाहरी लोग नशापान करके छेड़खानी लूटपाट यहां तक कि हत्या तक की घटना हो जाती है। जिससे हमारा गांव बदनाम होता है वहीं गांव के प्रबुद्ध व्यक्ति बासुदेव उरांव ने कहा कि जतरा दिन में भव्य तरीके से लगे जिसमें हम सभी गांव के लोगों का भरपूर सहयोग रहेगा। गांव के पहान फगुवा भगत महतो सुका उरांव ग्राम प्रधान बिनोद उरांव, बबलू उरांव, जिंगुवा भगत, देवनाथ गोप सहित युवाओं ने दिन के जतरा का एक स्वर में समर्थन किया। इसके पूर्व पड़हा समिति के पदाधिकारियों ने 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर व 12 पड़हा राजा विशाल उरांव को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही जुगेश उरांव व राकेश भगत ने पड़हा का एकीकरण करके एक ही जगह पड़हा जतरा लगाने के लिए डा रविंद्र भगत को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मौके पर केंद्रीय पड़हा समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, सचिव धनंजय कुमार राय, संरक्षक नीलमणि भगत, राकेश भगत पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष बंधना उरांव, पीटर तिर्की, भउवा उरांव, पडहा दीवान बिरवा उरांव, विश्वनाथ गोप, सुका उरांव, गोपाल उरांव, फगुवा टाना भगत, महादेव टाना भगत, महेश टाना भगत, खुशी उरांव, तिला उरांव, घिनु उरांव, जगरनाथ भगत, पंचायत की मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत समेत कई लोग उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का राज्यसभा और लोकसभा सांसद ने किया शिलान्यास



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चकला पंचायत के दड़दाग से सरनाटोली मुख्य पथ की आधारशिला राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू एवं रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। 75 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क की लंबाई लगभग 3 किलोमीटर होगी। शिलान्यास के अवसर पर राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने अभियंताओं को कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मंत्री राजकिशोर साहू, बालक पहान, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार, राजधम साहू, शंकर महतो, संतोष गुप्ता, अफताब आलम, राजेंद्र चौधरी, अम्बिका महतो, रामलखन महतो, मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया उमेश महतो, आनंद महतो, शशि मेहता, शिवचरण महतो, मोती महतो, प्रकाश महतो, विकाश भोगता, सूखलाल महतो, श्रवण महतो, रोगन मुंडा, फेकन महतो, कुलेश्वर महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक ने ओरमांझी में किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम बरवे बसाती में नुमान अंसारी के घर से बसाती बरटोली कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ निर्माण एवं पालू गांव के भेड़ा नदी के उद्गम स्थल पर छठ घाट एवं पीसीसी पथ निर्माण शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश उरांव, विधायक सलाहकार, तुलसी खरवार, अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस ओरमांझी प्रोफेसर प्रेम नाथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद साहू, अशोक कुमार गुप्ता, सफीउल्लाह अंसारी, तोहिद आलम, शिवनाथ मुंडा, सखी नाथ मुंडा, सिकंदर मुंडा, राजेंद्र पाहन, सूरज उरांव, समुन अंसारी इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे। वहीं लोकसभा सांसद और राज्य सभा सांसद के द्वारा सिकिदरी से लेकर बसुआ टोली तक सड़क शिलान्यास कार्यक्रम का विधायक राजेश कच्छप के बिना ही कर दिया गया। जिसे लेकर कांग्रेसियों ने विरोध जताया और कहा कि भाजपा विकास कार्यक्रम का श्रेय लेना चाहती है। यह जानकारी खिजरी विधायक राजेश कच्छप के निजी सलाहकार रमेश उरांव के द्वारा दी गयी।

## टाटी बस्ती के स्वास्थ्य केंद में शिशु स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बच्चे के लिये मां का दूध अमृत के समान है। मां के दूध में सभी औषधीय गुण है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। छह माह तक बच्चे को कोई भी बाहरी पदार्थ या पेय पदार्थ नहीं देना चाहिये। उक्त बातें गुरुवार को द्वारिका हॉस्पिटल महिलौंग रांची द्वारा टाटी बस्ती के स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिशु स्वास्थ्य शिविर कैंप में हॉस्पिटल के संचालक सह डां एसके निराला ने कही। उन्होंने कहा कि मां का दूध बच्चे की इम्युनिटी बढ़ाने का कार्य करता है, जिससे बच्चा कभी बीमार नहीं पड़ता। बच्चे के शरीर के विकास के लिये मां का दूध बहुत जरूरी है। शिविर में लगभग 60 बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ एंटोनी किस्कू ने बच्चों को पेंसिल, कटर और चॉकलेट देकर पढ़ने के लिये प्रेरित किया। डॉ एसके निराला ने बताया कि द्वारिका हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत के तहत 0 से 5 साल के बच्चों का इलाज बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। बच्चे के माता-पिता अपना आधार कार्ड राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड लेकर हॉस्पिटल से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर पूर्व उपप्रमुख नामकुम माधुरी देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिस्टर निशा रजक, नीतु एक्का, विष्णु महतो, दिवा पासवान का अहम योगदान रहा।

**प्रशिक्षण :** बाघवार एकेडमी में दो दिवसीय राइफल शूटिंग समर कैंप का शुभारंभ

# विद्यालय के बच्चों को दो वर्गों में बांट प्रशिक्षकों ने दी ट्रेनिंग

**हमारा लक्ष्य है कि हमारे विद्यालय के बच्चे कॉमन वेल्थ गेम्स और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत कर अपने देश का नाम गौरवान्वित करें : निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी चान्हो के प्रांगण में गुरुवार को दो दिवसीय राइफल शूटिंग समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस समर कैंप का उद्घाटन एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब के निदेशक एवं संस्थापक गोविंदा कुमार ने किया। दो दिनों तक चलने वाले इस राइफल शूटिंग समर कैंप में विद्यालय के बच्चों को दो आयु वर्ग 13 से 14 वर्ष एवं 15 से 16 वर्ष में विभाजित कर आए हुए प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ-साथ 10 मीटर्स राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 60 लड़के एवं लड़कियों ने हिस्सा लिया। 13 से 14 वर्ष के लड़कियों की आयु वर्ग में करुणा कुमारी 37 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर कक्षा 10 की छात्रा खुशी तिर्की रही उन्होंने भी 37 अंक प्राप्त किया एवं तीसरे स्थान पर कक्षा 10 की तनुश्री कुमारी रही ने 33 अंक प्राप्त किए। 13 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के वर्ग में कक्षा 10 के हंस उरांव 37 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। कक्षा 10 के ही आर्यन राज सोनी 33 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे तथा कक्षा 10 के प्रणव कुमार दुबे 19 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। 15 से 16 वर्ष की लड़कियों की आयु वर्ग में रानी प्रवीण 37 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रही। कक्षा 10 की परिधि पांडे 26 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही तथा कक्षा 10 की ही लक्ष्मी कुमारी 19 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। इसी वर्ग में लड़कों में कक्षा 10 के फरहान अंसारी 30 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। हर्षित यादव 24 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे तथा कक्षा 10 के सोनल अंसारी 9 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। समस्त प्रतियोगिता के दौरान सभी बच्चों में उत्साह अपने चरम पर था।

मौके पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने राइफल एवं पिस्टल के द्वारा टारगेट सूट कर इस समर कैंप का उद्घाटन किया।

अपने भाषण में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने कहा कि विद्यालय स्तर पर प्रारंभ से ही यदि बच्चों को राइफल शूटिंग की बारीकियां सिखाई जाएं तो निश्चित तौर पर आगे चलकर यह बच्चे अपने माता-पिता एवं विद्यालय सहित अपने राज्य एवं अपने देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है हमारा लक्ष्य यह है कि हमारे विद्यालय के बच्चे कॉमन वेल्थ गेम्स तथा ओलंपिक में ना सिर्फ हिस्सा लें बल्कि स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश का नाम गौरवान्वित करें।

इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अजय उरांव, वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्णा सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

इस समर कैंप का समापन 12 मई शुक्रवार को धूमधाम से किया जाएगा।

